# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 25.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

**प्रधानमंत्री–राज्यसभा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दूरगामी प्रभावों से निपटने के लिए सात सशक्त समूहों के गठन की घोषणा की है और राज्यों से केंद्र सरकार के साथ मिलकर इस संकट से बचने के लिए टीम इंडिया के रूप में कार्य करने की अपील की है। राज्यसभा में दिए एक वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को एकमात्र समाधान बताते हुए भारत के रुख को दोहराया। निरंतर बदलते हालात को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री ने नागरिकों से किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार गैस और कच्चे तेल को सभी उपलब्ध् स्रोतों से हासिल करने का प्रयत्न कर रही है।

**विधानसभा बजट सत्र**

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा भी होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

***प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी जिसमें संस्थानों को बंद करने का मुद्दा प्रमुखता से गूंजेगा। इसके अलावा प्रश्न काल में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर बढ़ाए गए शुल्क, औद्योगिक निवेश, राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वोकेशनल अध्यापकों संबंधित अहम मुद्दे सदन में उठाए जाएंगे। सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बजट पर चर्चा का जवाब देंगे। बजट पर चल रही चर्चा के दौरान विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है और बजट को निराशाजनक करार दे रहा है। इसके बाद सदन में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा होगी।***

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

**प्रश्नकाल**

राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों में वर्षों से पड़े कबाड़ को नष्ट करने के लिए जल्द नई स्क्रैप पॉलिसी लाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में हस्ताक्षेप करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की आगामी बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा कर नीतिगत फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबाड के निस्तारण के लिए सभी के लिए एक समान नियम बनाए जाएंगे ताकि सारा स्क्रैप डिस्पोज किया जा सके।

**पत्रकार दल**

ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकारों का एक दल भुवनेश्वर के उपनिदेशक मनोज कुमार जाली के नेतृत्व में इन दिनों हिमाचल प्रदेश के भ्रमण पर है। इस दल ने कल केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला का दौरा किया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉक्टर ब्रजेश सिंह ने पत्रकारों के इस दल को आलू की खेती में ए.आई. के उपयोग से हो रही करोड़ों रूपए की बचत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ए.आई. के प्रयोग से फसल में बीमारियों से निपटने के लिए विभिन्न उपचारों में लगने वाले करोड़ों रूपए की बचत हो रही है। कार्यक्रम में पी.आई.बी. शिमला के सहायक निदेशक संजीव कुमार भी मौजूद रहे।

**महिला सशक्तिकरण**

प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ–साथ अब महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की एक सशक्त पहचान बनता जा रहा है। इसी कड़ी में कुल्लू जिला के भुंतर विकास खंड के गड़सा के तहत कार्यरत शिवशक्ति स्वयं सहायता समूह इस परिवर्तन की जीवंत मिसाल बनकर उभरा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से समूह को आधुनिक फूड वैन उपलब्ध करवाई गई है। इसके तहत महिलाएं स्थानीय व प्राकृतिक सामग्री से पारंपरिक उत्पादों का निर्माण कर रही है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के सहायक सिद्ध हो रही है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 132वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज.ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

**चैत्र नवरात्र**

चैत्र नवरात्रे का आज सातवां दिन है और इस दिनं मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की अराधना की जा रही है। इन दिनों प्रदेश के शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। वहीं प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में प्रशासन द्वारा सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीते दिनों प्रदेश में हुई बर्फबारी और बारिश से जनजीवन अभी भी सामान्य नहीं हुआ है। लाहौल स्पीति जिला में 24 सड़कें अभी भी बंद पड़ी है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार सीमा सड़क संगठन के तहत रोहतांग पास से अटल टनल रोहतांग मार्ग बंद है। जबकि नॉर्थ पोर्टल से दारचा तक आवाजाही जारी है। इसके अलावा दारचा से सरचू, शिंकुला और ग्राम्फू–बाथल सड़क अभी भी अवरूद्ध हैं। इस बीच मौसम विभाग ने कल से आगामी 3–4 दिनों तक प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य कुछ क्षेत्रों में बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ का यैलो अलर्ट जारी किया है।

**मरम्मत कार्य**

मरम्मत कार्य के चलते चंबा जिला के पक्काटाला संपर्क मार्ग के बंद होने से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। स्थानीय लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि लंबे समय से यह मार्ग बंद पड़ा है जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। और आने जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग को जल्द दुरूस्त करने की मांग की है।